गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2022 31.01.2022

1. लिस्टिंग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400051 **चिह्न : - गेल (ईक्यू)**	2. लिस्टिंग अनुपालन बीएसई लिमिटेड मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001 **स्क्रिप कोड : - 532155**

प्रिय महोदय / महोदया,

कृपया **"गेल द्वारा सीजीडी नेटवर्क में हाइड्रोजन के सम्मिश्रण की भारत की पहली परियोजना का शुभारम्भ करने "**संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रतिलिपि संलग्न है।

धन्यवाद,
भवदीय,

कंपनी सचिव

संलग्नक : उपर्युक्तानुसार

प्रति:

इ्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
मुम्बई-400051

ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल ने सीजीडी नेटवर्क में हाइड्रोजन के सम्मिश्रण की भारत की पहली परियोजना का शुभारम्भ किया

नई दिल्ली, 31 जनवरी, 2022 : गेल (इंडिया) लिमिटेड ने प्राकृतिक गैस प्रणाली में हाइड्रोजन के सम्मिश्रण की भारत की ऐसी पहली परियोजना इंदौर, मध्य प्रदेश में शुरू की है। । हाइड्रोजन मिश्रित प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इंदौर में प्रचालित एचपीसीएल के साथ गेल की संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी अवंतिका गैस लिमिटेड को की जाएगी ।

राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप गेल ने सिटी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क में हाइड्रोजन सम्मिश्रण की तकनीकी-व्यावसायिक व्यवहार्यता स्थापित करने के लिए पायलट परियोजना के रूप में हाइड्रोजन सम्मिश्रण शुरू किया है। यह परियोजना हाइड्रोजन आधारित और कार्बन न्यूट्रल भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा का महत्वपूर्ण प्रयास है।

गेल ने सिटी गेट स्टेशन (सीजीएस), इंदौर में ग्रे हाइड्रोजन का इंजेक्शन शुरू किया । इस ग्रे हाइड्रोजन को तत्पश्चात ग्रीन हाइड्रोजन से परिवर्तित कर दिया जाएगा । गेल ने परियोजना शुरू करने के लिए पहले ही आवश्यक नियामक अनुमतियां प्राप्त कर ली हैं। गेल ने प्राकृतिक गैस में हाइड्रोजन के सम्मिश्रण के प्रभाव का आकलन करने के लिए डोमेन विशेषज्ञों को भी नियुक्त किया है।

गेल हमेशा भारत में गैस आधारित अर्थव्यवस्था के विकास और भारत के हरित और स्वच्छ पर्यावरण के दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। चूंकि हमारा देश कार्बन- न्यूट्रल और आत्मनिर्भर भविष्य प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है, यह परियोजना उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह अपेक्षा की जाती है कि यह पायलट प्रोजेक्ट प्राकृतिक गैस में हाइड्रोजन इंजेक्टिन्ग करने के पहलुओं को कवर करने के लिए भारत में एक मजबूत मानक और नियामक ढांचे के निर्माण में मदद करेगा । यह भारत में ऐसी अन्य परियोजनाओं को पूर्ण करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।